आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 19.10.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने नई दिल्ली में ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर बिजली क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।
- यातायात पुलिस की ओर से हेलमेट सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए आज मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी।
- सांसद बिष्णु पद रे के नेतृत्व में बाराटांग गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत लिटिल अंडमान में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- छठा राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आज से नेताजी स्टेडियम और जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में खेला जाएगा।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने नई दिल्ली में ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और द्वीप समूह का दौरा करने का निमंत्रण दिया। उपराज्यपाल ने ऊर्जा मंत्री से द्वीपों में बिजली क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर तेजी से काम करने का अनुरोध किया। ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में बिजली के बुनियादी ढांचे का विकास करना, श्री विजया पुरम में स्वच्छ ऊर्जा के तहत पचास मेगावाट एलएनजी मेगा पावर प्लांट परियोजना की स्थापना करना और प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अतिरिक्त बिजली स्रोत के रूप में एच वी डी सी लिंक परियोजना का समाधान करना जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस की ओर से आज हेलमेट सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली फ्लैग प्वाइंट से शुरू होगी और शहर के विभिन्न भागों से होकर गुजरेगी। इस रैली का उद्देश्य चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों सहित दुपहिया वाहन चालक और पीछे बैठे सवारी को हेलमेट पहनने के लाभ की जानकारी देना है। मोटर वाहन अधिनियम दो

हजार उन्नीस के अनुसार हेलमेट पहनना सभी के लिए अनिवार्य है। उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई के तहत जुर्माना लगाया जा सकता है। हेलमेट न पहनने पर सभी के जीवन को खतरा हो सकता है। आम जनता यातायात नियमों का उल्लंघन करने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने, तीन लोगों की सवारी करने जैसे उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ फोटोग्राफ या वीडियो बनाकर वाहन के पंजीकरण नम्बर, स्थान, समय और तिथि के साथ यातायात पुलिस के नियंत्रण कक्ष के व्हाट्सऐप नम्बर पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे के नेतृत्व में बाराटांग गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मुख्य सचिव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ग्रामवासियों ने मुख्य सचिव को न्यायालय में लम्बित पड़े मुद्दों से अवगत कराते हुए उन्हें जल्द से जल्द उनका समाधान करने का अनुरोध किया। इन मुद्दों में वन भूमि को अनारक्षित करने, खट्टा खाड़ी गांव का नियमितिकरण, कंचनगढ़ में टैगोर क्वैरी को पुनः खोलने की मांग और पर्यटक स्थल बालूडेरा समुद्री तट के विकास के अलावा क्षेत्र के विकास से संबंधित कई अन्य मुद्दे शामिल हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी–राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। एक सप्ताह के दौरान प्रत्येक कर्मयोगी कम से कम चार घंटे की शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। ये सप्ताह व्यक्तिगत प्रतिभागियों, मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार की भागीदारी के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत लिटिल अंडमान में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संचारी और गैर–संचारी रोगों की रोकथाम में पंचायत की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंचायत समिति प्रमुख एस. परमानाथन और अन्य वक्ताओं ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. नमिता गोपाल ने संक्रामक और गैर–संक्रामक बीमारियों के प्रभाव और उनके रोकथाम पर जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हटबे के डॉ. समरेश डे ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में बताया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत लिटिल अंडमान में क्षेत्र के सतत विकास के लिए रणनीतिक विकास और नई पहल के तहत गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ सी विजया ने ग्राम पंचायतों और गांवों में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागी अपने समुदाय को सशक्त बना सकते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए मेधावी छात्रों के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की अंतिम तिथि इक्तीस अक्तूबर तक बढ़ा दी है। नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप योजना के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को स्कूल नहीं छोडने के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में अकादमिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस में स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, बी.टेक कम्प्यूटर सांइस इंजीनियरिंग और बी.टेक इलैक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विषय पर प्रवेश के लिए बारहवीं कक्षा पास उम्मीदवार इक्कीस अक्टूबर आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। बाइस अक्टूबर को सुबह दस बजे उम्मीदवारों को संस्थान में भर्ती प्रकिया के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग में कम्पाउंडर के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इस पद के लिए पूरी जानकारी विभाग और प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फॉर्म प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर उन्नीस नवम्बर की मध्यरात्रि तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग के सहयोग से छठा राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आज से नेताजी स्टेडियम और जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में खेला जाएगा। पहला मैच आज दोपहर बाद तीन बजे से नेताजी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा सचिव एल. कुमार मुख्य अतिथि होंगे। यह टूर्नामेंट उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के लिए आयोजित किया जा रहा है। फाइनल मैच इक्कीस अक्टूबर को खेला जाएगा।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, डिगलीपुर ने आत्मा के सहयोग से मशरूम की खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। मधुपुर ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में कृषि सहायक निदेशक आरती सिंह ने वर्तमान में मशरूम के पोषक मूल्यों के बारे में जानकारी देते हुए महिला कृषकों के लिए रोज़गार सृजन की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सत्र के दौरान कृषि अधिकारी शीना पिल्लई और कृषि सहायक कमरून निशा ने मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पशु चिकित्सा, मत्स्यपालन के अंतर्गत विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में भी कृषकों को जानकारी दी गई। आदान–प्रदान सत्र के दौरान कृषि से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में बीस से अधिक किसान और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से विधवा, वृद्धावस्था और दिव्यांगजन पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने को कहा गया है। जिन्होंने अब तक प्रमाणपत्र जमा नहीं किया है, वे इक्कतीस अक्तूबर से पहले अपने नजदीकी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या मुख्य सेविका के पास जमा कर सकते हैं। ऐसा न करने पर लाभार्थियों को पेंशन वितरित नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

बिजली के लाइनों की रखरखाव, खंभों को बदलने और स्ट्रीट लाइटों के विस्तार का कार्य किए जाने के कारण आज शोलबे–फरारगंज फीडर से बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती विम्बर्लीगंज से शोलबे, फरारगंज, जिरकाटांग और रामनगर में सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक होगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>